हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

04 सीट बेल्ट–हेलमेट और दस्तावेज नहीं होने पर...



07 विवाहिता से डेढ़ साल तक किया दुष्कर्म वीडियो ...





## खबर संक्षेप

### आज वृद्धाश्रम में मनाया जाएगा केंद्रीय मंत्री सिंधिया का जन्मोत्सव

**सीहोर।** देश के केन्द्रीय मंत्री ज्योतिराज सिंधिया का जन्म दिन शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में मनाया जाएगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दामोदर राय भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत और भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होकर वृद्धजनों को नव वर्ष के मौके पर शाल, कंबल फल मिठाई फूल माला पहनकर सम्मानित किया जाएगा।


### आरोग्य भारती द्वारा विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम कल

**सीहोर।** स्वस्थ व्यक्ति-स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम-स्वस्थ राष्ट्र के संकल्प के साथ आरोग्य भारती जिला सीहोर द्वारा कल, 3 जनवरी (शनिवार) को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ₹स्वस्थ जीवन शैली₹ विषय पर आधारित यह कार्यक्रम शहर के हॉगवॉट्र्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होगा। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में गलत खान-पान और तनाव के कारण लोग तेजी से गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसी समस्या के समाधान हेतु प्रसिद्ध लाइफस्टाइल स्पेशलिस्ट श्री सतीश जी मंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वे उपस्थित जनसमूह को बताएंगे कि कैसे केवल अपनी आदतों में सुधार कर हम बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। इन बीमारियों के बचाव पर रहेगा जोर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जीवन शैली रोगों के प्रति जागरूक करना और उनसे बचाव के तरीके बताना है। मुख्यत ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), डायबिटीज (मधुमेह), हार्ट डिजीज (हृदय रोग) मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों को कैसे जीवन शैली सुधारकर खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम हॉगवॉट्र्स इंटरनेशनल स्कूल, सैकड़ा खेड़ी रोड सीहोर में 3 जनवरी, शनिवार को प्रातः 09:30 बजे से रखा गया है।

### कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी, भक्तों ने ली भगवान और गुरुओं की शरण

# नववर्ष का आगाजः विजयासन धाम, गणेश मंदिर और कुबेरेश्वधाम पर लगीं कतारें

भीड़ की अधिकता को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। संवेदनशील स्थलों और मंदिर परिसरों के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कड़ाके की ठंड, सुबह का घना कोहरा और होंठों पर भगवान का नाम, कुछ इसी अंदाज में जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में नववर्ष 2026 का स्वागत किया गया। साल के पहले दिन गुरुवार को जिले के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि सडक़ें छोटी पड़ गईं और मंदिर परिसर 'जय माता दी', गणपति बप्पा मोरया और श्री शिवाय नमस्तुभ्यम के जयकारों से गुंजायमान हो उठे।

सुप्रसिद्ध मां विजयासन धाम सलकनपुर में नववर्ष की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। श्रद्धालु अपनी सुविधा और श्रद्धा के अनुसार माता के दरबार तक पहुंचने के लिए अलग-अलग रास्तों का चुनाव कर रहे थे।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम



भीड़ की अधिकता को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। संवेदनशील स्थलों और मंदिर परिसरों के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए पार्किंग के लिए अलग से स्थान चिन्हित किए गए थे ताकि मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित न हो। पुलिस प्रशासन की पैनी नजर और मुस्तैदी के चलते श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण ढंग से दर्शन लाभ लिया।

### शिव भक्ति में डूबा कुबेरेश्वर धाम

पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में भी नववर्ष पर देश भर से श्रद्धालु पहुंचे। पूरा परिसर श्री शिवाय नमस्तुभ्यम के मंत्र से गूंज उठा। बड़ी संख्या में लोगों ने यहां पहुँचकर महादेव के दर्शन किए।

### जय माता दी से गूंजा सीढ़ी मार्ग



हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने 1000 से अधिक सीढियों वाले पैदल मार्ग से चढ़ाई की, जहां हर कदम पर जय माता दी के जयकारे गूंज रहे थे। वहीं अनेक लोगों रोपवे और निजी वाहनों का सहारा लिया। प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेड्स की विशेष व्यवस्था की थी। मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन द्वारा पार्किंग, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की लगातार निगरानी की जा रही थी। जिले के आला अधिकारियों ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया ताकि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो।

### सिद्धी विनायक गणेश मंदिर में उमड़ी आस्था

जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन पेशवा कालीन सिद्धी विनायक मंदिर एक बार फिर पूरे प्रदेश की आस्था का केंद्र बना। इंदौर, भोपाल, देवास और शाजापुर सहित अनेक शहरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने विघ्नहर्ता के दर्शन किए। यहां एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला श्रद्धालु मंदिर की पीछे की दीवार पर उल्टा स्वास्तिक बनाकर अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की मन्नत मांग रहे थे, वहीं जिनकी मन्नतें पूरी हो चुकी थीं, वे सीधा स्वास्तिक बनाकर भगवान का आभार जता रहे थे।



### पचामा में विशाल भंडारे का आयोजन

जिला मुख्यालय स्थित पचामा में नववर्ष पर सांप्रदायिक सौहार्द का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। यहां स्थित वह स्थान जो मंदिर और दरगाह दोनों के रूप में जाना जाता है, वहां तुलसीराम पटेल मित्र मंडली द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साल के पहले दिन हजारों की तादाद में लोगों ने यहां पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।



## किसान महिलाओं ने अनोखे अंदाज में मनाया नया साल

**सीहोर।** ग्रामीण किसान महिलाओं ने अनोखे तरीके से नए वर्ष 2026 का स्वागत किया। उन्होंने भजन-कीर्तन करते हुए गेहूं की फसल की पूजा की और अच्छी पैदावार की कामना की।

ग्राम उलझावन, राणावती, भोजनगर, चंदेरी सहित अन्य गांवों की महिलाओं ने किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में यह आयोजन किया। महिलाएं जल का लोटा लेकर और गीत-भजन गाते हुए खेतों तक पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने ढोलक बजाकर देवताओं की पूजा की। महिलाओं ने प्रार्थना की कि इस बार गेहूं व अन्य फसलों की अच्छी पैदावार हो। उन्होंने पिछले साल सोयाबीन की फसल बर्बाद होने का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भावांतर का पैसा और सोयाबीन का मुआवजा दिया गया है। अब वे नए साल में बीमा राशि मिलने की भी उम्मीद कर रही हैं।



इस भजन मंडली में बाबूलाल मेवाड़ा, ज्ञान सिंह, हाकम सिंह राजपूत, रामनारायण, गंगा प्रसाद, मुकेश, कृष्णा, सावित्रीबाई, गायत्री, शांताबाई, सीताबाई, प्रेम बाई, सावित्रीबाई सहित कई महिलाएं शामिल थीं।

इन महिलाओं ने सरकार से अपनी भजन मंडली के लिए एक ढोलक पेटी उपलब्ध कराने की भी मांग की, ताकि वे ऐसे ही जागरूकता फैलाती रहें और किसानों व महिलाओं का भला होता रहे। सभी महिलाओं ने गांव में शांति और खुशहाली की कामना करते हुए कलश यात्रा भी निकाली।

## विधायक सुदेश राय का गुटबाजी पर बड़ा हमला...

**सीहोर।** विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से भारतीय जनता पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी और खींचतान की खबरों पर आखिरकार विधायक सुदेश राय ने विराम लगाने की कोशिश की है। एक कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने बेहद कड़े लहजे में कहा कि भाजपा में कोई गुटबाजी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग गुटबाजी की बातें फैला रहे हैं, वे दरअसल संगठन और अपने परिवार के नहीं, बल्कि दुश्मन परिवार के हैं।



बता दें सीहोर विधानसभा क्षेत्र में बीते कई दिनों से चर्चा थी कि शहर के पांच बड़े नेताओं के समर्थक अलग-अलग गुटों में बंटे हुए हैं और शहर के चौक-चौराहों पर अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी होती रहती है। इन चर्चाओं का जवाब देते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा यहां कुछ लोग इधर बैठे हैं जो कहते हैं कि मैं उस गुट का हूं, कुछ कहेंगे मैं इस गुट का हूं। मैं साफ कर दूं कि यहां कोई गुटबाजी नहीं है। यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी का गुट है। भाजपा के अलावा यहां कोई दूसरा गुट अस्तित्व में नहीं है।

### विरोधियों पर साधा निशाना

विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा आप नहीं तो मैं नहीं और मैं नहीं तो कुछ नहीं। हम सब एक हैं और मिलकर ही संगठन को मजबूत करते हैं। उन्होंने उन लोगों को आड़े हाथों लिया जो गुटबाजी को हवा देते हैं। उन्होंने कहा कि गुटबाजी जैसी कोई चीज नहीं होती, जो लोग ऐसा बोलते हैं वे अपने परिवार के नहीं बल्कि दुश्मन परिवारों के हितैषी हैं।

### चर्चाओं के बाजार पर लगाया विराम

गौरतलब है कि सीहोर भाजपा में नेतृत्व को लेकर समर्थकों के बीच अक्सर मतभेद की खबरें सामने आती रही हैं। राजनीतिक गलियारों में यह आम चर्चा थी कि भाजपा अब गुटों में बंट गई है और पांच दिग्गज नेताओं के बीच वर्चस्व की जंग जारी है।

विधायक राय के इस बयान को इसी आंतरिक कलह को दबाने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। विधायक सुदेश राय का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### कोई भी टीबी मरीज पोषण और देखभाल से वंचित न रहे : कलेक्टर बालागुरु के.

# सीहोर को टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए अधिकारी टीबी के मरीजों को प्रदान कर रहे फूड बास्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले को टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर पहल की जा रही है। जिले में क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन के लिए सभी विभागों के अधिकारी समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं तथा टीबी मरीजों तक सीधे उनके घर पहुंचकर पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

इस पहल के अंतर्गत टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए जा रहे हैं, जिनमें पोषणयुक्त खाद्य सामग्री शामिल है, ताकि मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो और वे उपचार के दौरान शारीरिक रूप से सशक्त रह सकें। प्रशासन का यह प्रयास न केवल उपचार तक सीमित है, बल्कि मरीजों की सामाजिक और मानसिक मजबूती को भी ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जिससे वे नियमित रूप से दवा लें और इलाज पूरा करें। कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी टीबी मरीज पोषण और देखभाल से वंचित न रहे तथा समय-समय पर उनके स्वास्थ्य की निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान करना सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जनसहभागिता, विभागीय समन्वय और मानवीय संवेदनशीलता की सशक्त पहल है।





### पुलिस लाइन गल्ला मण्डी में होगा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 7 से होगा



**सीहोर।** भगवती शिवशक्ति मंदिर महिला मंडल द्वारा गल्ला मण्डी पुलिस लाइन स्थित मंदिर परिसर में भव्य संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का सात दिवसीय आयोजन किया जाएगा। हनुमान फाटक मंदिर कस्बा सीहोर के प्रङ्कषसद्ध भागवताचार्य पंडित रविशंकर जी तिवारी के द्वारा श्रद्धालुओं को सोमवार 5 जनवरी से रविवार 11 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक श्रीमदभागवत कथा का मनमोहक रूप से श्रवण कराऐंगे। महादेव बाबा की कृपा से प्रतिवर्ष अनुसार इस वष्र भी श्रीमद् भागवत कथा गंगा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। महिला मंडल ने बताया कि पंडित रविशंकर जी तिवारी द्वारा प्रथम दिवस सोमवार को भागवत का अद्भुत महात्म्य प्रस्तुत किया जाएगा। मंगलवार को परिक्षित जन्म, एकादशी आगमन कथा होगी, बुधवार को शिव-पार्वती विवाह,सूतीजी अवतार,गुरूवार को श्रीरामजन्म,श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शुक्रवार को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा होगी। शनिवार को श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह, कंस वध प्रसंग सुनाया जाएगा और रविवार को यज्ञ एवं हवन, पूर्णाहुति आरती प्रसादी के बाद कथा का मंगलमय विश्राम किया जाएगा। भगवती शिवशक्ति मंदिर महिला मंडल ने सभी सनातनी हिन्दू श्रद्धालुओं से श्रीमद भागवत कथा में कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना पीड़ितों के लिए नगदी रहित उपचार स्कीम लागू

**सीहोर**। सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ति ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ति एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

### बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है।

### नए साल की रात पुलिस मुस्तैद, शहरभर में वाहन चेकिंग, नशे में धुत चालकों पर कार्रवाई, पुलिस रही हर ओर मुस्तैद

# सीट बेल्ट-हेलमेट और दस्तावेज नहीं होने पर चालकों पर चालान, देर रात तक चला अभियान

अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। सीट बेल्ट नहीं लगाने, हेलमेट के बिना वाहन चलाने, वाहन के वैध दस्तावेज नहीं होने तथा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नए साल के जश्न की चकाचौंध के बीच 31 दिसंबर की रात भैरुंदा में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जहां एक ओर लोग पार्टी, आतिशबाजी और पारिवारिक आयोजनों के माध्यम से नववर्ष का स्वागत कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर कड़ाके की ठंड के बावजूद पुलिस जवान सड़कों पर तैनात रहकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था संभालते दिखे। शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से भैरुंदा पुलिस ने बुधवार रात अलर्ट मोड में रहते हुए व्यापक सुरक्षा और वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

नगर सहित आसपास के कस्बों में उत्सव का माहौल रहने के कारण पुलिस ने किसी भी तरह की अव्यवस्था या दुर्घटना को रोकने के लिए पहले से ही रणनीति तैयार की थी। इसी क्रम में तीन अलग-अलग टीमों का गठन कर नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त कराई गई। पुलिस की मौजूदगी से जहां आम नागरिकों ने राहत महसूस की, वहीं नियम तोड़ने वालों में भी हड़कंप देखने को मिला।




#### चेकिंग में नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। सीट बेल्ट नहीं लगाने, हेलमेट के बिना वाहन चलाने, वाहन के वैध दस्तावेज नहीं होने तथा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने विशेष रूप से तीन सवारी बैठाकर दोपहिया वाहन चलाने वालों और नशे की हालत में वाहन चलाने की आशंका रखने वालों पर कड़ी नजर रखी। संदिग्ध प्रतीत होने वाले वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

#### संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी

भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि नए साल की रात शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। इसी उद्देश्य से नगर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में टीमवार गश्त कराई गई। पुलिस जवानों को निर्देश दिए गए थे कि वे लगातार मूवमेंट में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखें और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पुलिस की सक्रियता के चलते पूरे क्षेत्र में माहौल शांतिपूर्ण बना रहा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई और नागरिकों ने सहयोगात्मक रवैया अपनाया। वाहन चेकिंग और गश्ती अभियान देर रात तक जारी रहा, ताकि जश्न के दौरान देर से लौटने वाले लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।



#### सुरक्षित माहौल में हुआ नववर्ष का स्वागत

पुलिस की सख्ती और सतर्कता का असर यह रहा कि शहर में कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। लोगों ने सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण में नए साल का स्वागत किया। प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की कि वे भविष्य में भी ट्रैफिक नियमों का पालन करें और त्योहारों व आयोजनों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## कोई क्यों नहीं मान रहा है हमें अपना नागरिक? मोहल्ले में नाली, पानी, बिजली, सड़क कुछ नहीं



**सीहोर**। इंदिरा नगर के नागरिकों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को परेशानियों से अवगत कराया। नागरिकों ने कहा कि इंदिरा नगर वार्ड नम्बर दो से हमें बेदखल कर दिया है। नगर पालिका ने हमें अपना नागरिक मानने से इंकार कर दिया है। टप्पर मोहल्ले में नाली,पानी, बिजली,सड़क जैसे सुविधाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है।

समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा बाबूलाल भील ने बताया कि लोकसभा विधानसभा और नगर पालिका चुनावों में नागरिकों ने मतदान किया है। पहले नगर पालिका ने प्रधानमंत्री आवास और शौचालय जैसी योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिया है अचानक नगर पालिका ने टप्पर मोहल्ले में रहने वाले 80 परिवारों के घरों को अवैध घोषित कर दिया है। हर काम के लिए अब नागरिकों को परेशान होना पड़ रहा है। लोकसभा विधानसभा और नगर पालिका चुनावों में नागरिकों ने मतदान किया है। क्षेत्र के पार्षद ने शक्कर फैक्ट्री की जमीन पर नई कॉलोनी बसा दी है। हर सरकारी योजना का लाभ इस कॉलोनी के लोगों के मिल रहा है और हमें अपना नागरिक तक नहीं माना जा रहा है। सपा ने पूरे मामले की जांच करने की मांग कलेक्टर से की है।

### किसान, गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाएं

**सीहोर**। किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जानगये है ओर अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गोमूत्र से खाद भी बनाया है। मध्य प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गोमूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति और गुण से जीवामृत बना रहे हैं।

## श्मशान घाट में पेवर ब्लॉक लगने से कीचड़ की समस्या होगी खत्म

**सीहोर**। ग्राम उलझावन के श्मशान घाट परिसर में सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो गया है। यहां करीब चार हजार वर्गफुट में पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इससे परिसर का स्वरूप बदलेगा। ग्रामीणों को कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। सरपंच प्रतिनिधि पिंटू वर्मा ने बताया कि पहले अंतिम संस्कार के समय कीचड़ के कारण लोगों को परेशानी होती थी। अब यह दिक्कत नहीं रहेगी।

उन्होंने बताया कि पेवर ब्लॉक का काम पूरा होने के बाद परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। इससे वातावरण स्वच्छ और हरित बनेगा। भूमिपूजन के समय पदम सिंह मालवीय, बाबूलाल मालवीय, प्रेम सिंह मालवीय, बालमुकुंद मालवीय, प्रीतम सिंह, शेर सिंह, कैलाश मालवीय सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## नगर पालिका में लगातार तीसरे वर्ष भी नूतन वर्ष की शुरुआत गोपूजन के साथ

### सनातन संस्कृति में गायों की पूजा का महत्वः नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

**सीहोर**। एक जनवरी को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल पर शहर के नगर पालिका गो पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों और अनेक पार्षदों की उपस्थिति में गो पूजन दिवस मनाया गया है।

इस मौके पर क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल सार्थक है जिन्होंने सुख और समृद्धि की प्रतीक गौ माता की पूजन कर नये साल आगमन किया है। केन्द्र और प्रदेश सरकार गौ माता के लिए अनेक कल्याणकारी योजना चला रही है। गाय को हिन्दू मान्यताओं में बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। गाय को गो माता भी कहा जाता है, गाय को मां का दर्जा दिया गया है। जिस प्रकार एक मां अपनी संतान को हर सुख देना चाहती है, उसी प्रकार गो माता भी सेवा करने वाले जातकों को अपने कोमल हृदय में स्थान देती हैं और उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। गौ सेवा करने वाले व्यक्ति के जीवन में कभी कोई संकट नहीं आता। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, विशाल राठौर, राजेश मांझी, अजय पाल, कमलेश राठौर, आशीष गहलोत, दिनेश कुशवाहा, लोकेन्द्र वर्मा के अलावा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी और क्षेत्रवासी आदि शामिल थे।



गुरुवार को आयोजित गो पूजन महोत्सव के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि के साथ शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसके लिए शहर के सभी पार्षद और जनता हमारे साथ है। एक जनवरी को लगातार तीसरे वर्ष भी गौ पूजन महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों को बताया कि सनातन संस्कृति में गायों की पूजा का महत्व है। इसलिए सभी को गोवंश पशुओं के पूजन का संकल्प करना चाहिए।

## उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित, जीरो डोज टीकाकरण अभियान को नया बल

**इछावर**। जीरोडोज बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विकासखंड इछावर मे यूनिसेफ के सहयोग से मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन इंदौर द्वारा एक दिवसीय धर्मगुरुओं का उनमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गाया। कार्यक्रम का उदेश्य धार्मिक नेतृत्व को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सीबीएमओ डॉ अंकित चांडक, बीसीएम नरेंद्र मालवीय ने टीकाकरण का महत्व बताया, MPVHA जिला समन्वयक साक्षी गुप्ता ने जीरो डोज़ की परिभाषा, महत्त्व और लक्ष्य समूह की जानकारी देते हुए बताया कि अब भी. कई बच्चे ऐसे है जो किसी भी प्रकार का टीका नहीं लगवा पाए है। धर्म गुरुओं ने इस पहल का स्वागत किया और आश्वाशन दिया कि वे अपने-अपने समुदायो में लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रमों में बिभिन्न धर्मो के प्रतिनिधियों पंडित प्रमोद शर्मा,पंडित योगेंद्र शर्मा पंडित लखन शर्मा , पंडित संतोष शर्मा मौलवी आमिर खान, जुनैद खान, मोहम्मद इमरान ने कैसे टीकाकरण को और कैसे सक्रिय कर सकते हैं। अपनी-अपनी बात रखी और सभी ने सामूहिक रूप से. यह संकल्प लिया कि वे अपने प्रवचनों और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से टीकाकरण सन्देश को जन-जन तक पंहुचाएंगे। कार्यक्रम के अंत मे मध्य प्रदेश वॉलंट्री हेल्थ ऐसोसिएशन ने इस साझेदारी से जीरो डोज़ बच्चो कि संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी। उक्त कार्यक्रम मे मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन. जिला समन्वयक साक्षी गुप्ता ब्लॉक समन्वयक महेंद्र दामडीया, सचिन वर्मा उपस्थित रहे।




### मत्स्य विभाग द्वारा संचालित बायो फ्लॉक पॉन्ड व नवनिर्मित फिश फीड मील का निरीक्षण

# स्थानीय मत्स्य कृषकों को किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जाए उत्तम गुणवत्ता का फिश फीड : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले के ग्राम हसनाबाद में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित बायो फ्लॉक पॉन्ड एवं नवनिर्मित फिश फीड मील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बायो फ्लॉक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे मत्स्य उत्पादन, फीड निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों तथा विभागीय व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि बायो फ्लॉक तकनीक आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धति है, जिससे कम जल में अधिक उत्पादन संभव है और यह तकनीक मत्स्य कृषकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकती है। उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय मत्स्य कृषकों को उत्तम गुणवत्ता का फिश फीड उचित एवं किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि फीडिंग बेस्ड फिश कल्चर को बढ़ावा मिल सके और जिले में मत्स्य उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण फीड उपलब्ध होने से मछलियों की वृद्धि बेहतर होगी, उत्पादन लागत कम होगी और किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को बायो फ्लॉक तकनीक के प्रति जागरूक किया जाए तथा प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाए, जिससे वे इस प्रणाली को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकें। निरीक्षण के दौरान मत्स्य विभाग के सहायक संचालक प्रशांत हर्ष सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### विजय सिंह कसौटियों को दी भावभीनी विदाई



**सीहोर**। संकुल केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोराहा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला इमलियाहसन में पदस्थ विजयसिंह कसौटियों सहायक शिक्षक को आज शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर शाला परिवार ने उनको दी भावभीनी विदाई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य डॉ विक्रम देव संकुल बाबू डी.के.मिश्रा, राकेश शर्मा, पुरन सर दोनों जनशिक्षक चेतन शर्मा,नितेश जायसवाल और सुभाष बैरागी शाला शिक्षिका स्वाती विश्वकर्मा मेडम, पंकज विश्वकर्मा एवं पवन विश्वकर्मा और अर्जुन, मनोहर, दीपक सहित समस्त कसौटियों परिवार और शाला परिवार के प्यारे प्यारे बच्चे उपस्थित थे। कसौटियों सर का सभी ने तिलक लगाकर,मिठाई खिलाकर हार माला से स्वागत किया। शाला परिवार की ओर सर को शाला श्री फल, स्मृति चिन्ह भेंट किया।

खबर संक्षेप

## पार्वती धाम गोशाला में हुआ गौ सेवा आयोजन



आष्टा। नव वर्ष के शुभ व पावन अवसर पर मां पार्वती धाम गौशाला में गौ सेवा का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर गौ माताओं को सुदाना पशु आहार के साथ-साथ हरी सब्जियां खिलाई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता की पूजन-अर्चना व आरती के साथ किया। जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी व नागरिकों ने सहभागिता की। कई लोगों ने नव वर्ष के साथ अपना जन्मदिन भी गौ सेवा को समर्पित करते हुए परिवारजनों व मित्रों के साथ गौशाला पहुंचकर मनाया। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला समिति को 1100 की दानराशि प्रदान कर गौ सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इसी क्रम में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी श्री श्यामजी अग्रवाल ने भी अपना जन्मदिन मां पार्वती धाम गौशाला में गौ माताओं की विधिविधान से पूजा कर, गो-ग्रास खिलाकर मनाया। उन्होंने भी गौशाला समिति को 1100 की दानराशि भेंट कर गौ संरक्षण व संवर्धन के पुनीत कार्य में सहयोग किया। नव वर्ष के पावन अवसर पर नगर के अनेक युवा समाजसेवियों ने भी गौशाला पहुंचकर गौ माताओं की सेवा की तथा आहार वितरण, स्वच्छता एवं अन्य सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित युवाओं ने गौ सेवा को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए इसे नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान सिद्धूलाल जायसवाल, अमन कुशवाहा, संजय सुराणा, पीयूष गोस्वामी, मनोहर जायसवाल, योगेंद्र जायसवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं गौ सेवक उपस्थित रहे।

### प्रशासन में कसावट लाने और योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने कलेक्टर बालागुरु के. ने किया दौरा

# लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं पाए जाने पर जताई नाराजगी पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की, गंभीरता से सुनी समस्याएं





कलेक्टर के निरीक्षण से अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल देखी गई। जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कसावट लाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर बालागुरु के. ने आष्टा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का अचानक दौरा कर विभिन्न शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर के द्वारा किए गए इस निरीक्षण से अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल देखी गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरु के. ने प्रधानमंत्री आवास योजना, फार्मर रजिस्ट्री, एक बगिया मां के नाम, मॉडल पंचायत भवन, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया।

### कलेक्टर ने जताई नाराजगी

ग्राम मालीपुरा में मात्र 13 प्रतिशत ही फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य होने के कारण लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं पाए जाने पर उन्होंने



संबंधित पटवारी पर नाराजगी व्यक्त की और शेष कार्यों को इसी माह पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। ग्राम पगारिया राम में पटवारी से फॉर्मर रजिस्ट्री और ग्राम पंचायत सचिव से पीएम आवास के कार्यों के संबंध में समीक्षा की पंचायत सचिव और सहायक सचिव द्वारा बताया गया कि 116 नाम जुड़े है और पीसीओ और सब इंजीनियर द्वारा सत्यापन का कार्य चल रहा है ।

### पंचायत का किया निरीक्षण

ग्राम हकीमपुर में मॉडल नवनिर्मित पंचायत भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता और उपयोगिता की जानकारी ली गई।पराली न जलाने के सम्बन्ध में किसानों से चर्चा की गई एवं पराली जलाने के नुकसान भी सभी ग्रामीणों को बताया वहीं एक किसान द्वारा नर्मदा जल पाइपलाइन से पाइप फूटने की शिकायत करने पर कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभाग को तत्काल सुधार कार्य करने के आदेश दिए।

### महिला किसान ने बताई समस्या

ग्राम खड़ी में एक बगिया माँ के नाम" योजना के निरीक्षण के दौरान एक महिला सुनीता बाई पति लखनलाल द्वारा एक एकड़ में जाम की खेती की जा रही है द्वारा कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या रखी, जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए एवं फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

ग्राम चन्नोटा में कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित किया जाए। इस औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरु के. के साथ एसडीएम शनितिन कुमार टाले, तहसीलदार आष्टा राम पगारे, तहसीलदार जावर ओम प्रकाश चोरमां और नायब तहसीलदार संदीप गौर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी-कर्मचारी जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# गोविंद जाने की सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा हुई शुरू, पुष्प वर्षा के साथ भव्य रूप से नगर में श्रद्धालुओं ने की अगवानी





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष से भी 1 जनवरी से 7 जनवरी के मध्य होने वाली श्रीमद् भागवत कथा मालवा माटी के संत श्री गोविंद जाने गुरुदेव के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आष्टा बाईपास चौपाटी पर स्वागत के लिए बड़ी संख्या श्रद्धालू भव्यता से काफिले के साथ नगर के अलीपुर अस्पताल चौराहा द्वारा बुधवार मार्ग कॉलोनी चौराहा होते हुए नया दशहरा मैदान कथा स्थल पर पहुंचे प्रथम दिवस पर ही भारी जनसैलाब कथा स्थल पहुंचा ओर बड़ा पांडाल छोटा पड़ गया,नव वर्ष के प्रथम दिवस पर कहा कि हम सब प्रण ले की हम सत्कर्म को बढ़ाएं पूजा पाठ बढ़ाएं अध्यात्म को बढ़ाएं और हमारे ज्यादातर समय अच्छे कार्य में लगाए प्रथम दिवस पर मुख्य बिंदु सद्गुरु पर रहा जीवन में सद्गुरु ही सब मार्ग हमको दिखा सकते हैं भगवान के कार्य,अच्छे कार्य ,धर्म के कार्य ,जो पुत्र पुत्री घर में करते हैं उनका पूरा फल परिवार को मिलता है ,सत्कर्म के पांच स्टेशन है जो हमें मोक्ष तक पहुंचाते हैं हमें हमेशा ऊपर वालों की नजरों में बना रहना चाहिए गौ माता की सेवा दान दक्षिणा गुरु माता-पिता सेवा सब मिलकर हमें गिरधर तक पहुंचाते हैं घर के बड़े बुजुर्गों को रोज प्रणाम करना चाहिए गौ माता को प्रणाम करना चाहिए आप हमेशा ऊपर वालों की नजर में उठ जाएंगे जो व्यक्ति पूर्व जन्म में संत और ग्रंथ के सानिध्य में रहा है वहीं अगले जन्म में भजन कथा में सम्मिलित होता है जब सुबह उठकर कांच के सामने अपने चेहरे को देखते हो और आपके अंदर अब गुण दिखे तो उसे छुपाना नहीं है हमेशा सद्गुणी बना रहना चाहिए क्योंकि परमात्मा के दर्शन सद्गुरु ही करवा सकते हैं क्योंकि परमात्मा के दर्शन सतगुरु ही करवाते हैं जिसके पास सत्कर्म की पूंजी हो वह सद्गुरु की नजर में हमेशा बना रहता है और सद्गुरु उसकी गारंटी लेते हैं प्रयास करने से प्रभु मिलते हैं जिनके पास सत्कर्म ईमान चरित्र की पूंजी होती है वह आदमी कभी अकेला नहीं होता है आदमी हमेशा बुरे और अच्छे कर्मों की फौज लेकर चलता है परंतु सदा चरण सत्कर्म और सेवा से बड़ी पूंजी कोई हो नहीं सकती जहां पर ज्ञान बूढ़ा हो जाता है वहां पर अपशब्द और गलत खान-पान की नीति हो जाती है हमें हमेशा सबका सम्मान करना चाहिए जहां मान-दान और सम्मान होता है वहां सब आपसे प्रेम करने लगते हैंइस अवसर पर समिति अध्यक्ष रूपेश राठौर, डॉ मनोज नागर ,न प अध्यक्ष राय सिंह मेवाडा, जगदीश चौहान, डॉ मीना विनीत सिंगी, जीवन सिंह मंडलोई, सौभाल सिंह मुगली, चेतन सिंह ठाकुर, राजा मेवाड़ा, चेतन वर्मा,जुगल पटेल,धीरप पटेल, जाटाल सिंह, चंदर सिंह ठेकेदार, लखन पाटीदार, रतन सिंह डॉक्टर, नप अध्यक्ष हेमकुमार राय सिंह मेवाडा भगवती सोनी संध्या बजाज मंजू राठौर विनीता महेश्वरी सुनीता पांचाल कृष्ण वर्मा उर्मिला मेवाड़ा शाहिद आदि उपस्थित थे।

# विराट हिंदू सम्मेलन के साथ बगवई माता मंदिर पर शुरू हुई राम कथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

सिद्धि गंज में भव्य श्री राम कथा एवं विराट हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्री राम कथा का आयोजन क्या जा रहा है वही गुरूवार की सुबह कलश यात्रा मां पार्वती नदी से प्रारंभ की गई जो हनुमान मंदिर, खाती मोहल्ला, बड़ा बाजार, चमन चौराहा, छोटा बाजार, पुराना थाना रोड, बस स्टैंड होते हुआ प्राचीन बगवाई माता मंदिर पहुंची।

कलश यात्रा में ग्राम के लोग और माता बहने बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कलश यात्रा बड़े धूमधाम से नाचते गाते हुए निकल गई। इसके पश्चात माता मंदिर में प.श्री हरि माधव जी महाराज के द्वारा श्री राम कथा की गई। जिसमें श्री राम कथा सुनने बड़ी संख्या में माता बहने और भक्तिजन के साथ आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे। भगवान श्री राम की कथा सुनी गई। श्री राम कथा का आयोजन गुरूवार से प्रारंभ किया गया जो 3 जनवरी तक चलेगा। कथा का समय 12:00 बजे से 3:00 तक है। बड़ी संख्या में आसपास के लोग हैं माता बहने श्री राम कथा सुनने प्राचीन बगवाई माता मंदिर पहुंचे।

शुरू हुई कथा और हिंदू सम्मेलन के दौरान धर्मचंद सोनी, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य, श्री राम राठौर, अमर सिंह चौहान सरपंच उमरदड़, मुकेश तापड़िया, अरुण श्रीवास्तव, गोल्डी श्रीवास्तव, नरेंद्र सोनी, राजेंद्र धरवा, जुगल किशोर राठौर, जितेंद्र ठाकुर, महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धीगंज, सुरेंद्र राठौर, राजेंद्र ठाकुर पटेल,नंदकिशोर बागवान उपसरपंच, नरेंद्र राठौर, निखिल गोस्वामी वह उनकी समस्त टीम व हिंदू उत्सव समिति के सदस्य व समस्त ग्रामीण एवं आसपास के ग्राम के लोग मौजूद रहे।

### नव वर्ष के आगमन पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, नववर्ष मंगलमय की कामना कर दी बधाई

# भगवान के साथ माता-पिता का आशीर्वाद लेकर की शुरुआत





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नए साल की शुरुआत भगवान के आशीर्वाद के साथ करने की इच्छा रखने वाले भक्तों का तांता सुबह से ही मंदिरों, गुरुद्वारों में लगना शुरू हो गया था।

शहर के प्राचीन शंकर मंदिर, खेड़ापति मंदिर, शनि मंदिर में नव वर्ष के प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं भीड़ देखने को मिली। मंदिरों में दर्शनों के लिए खड़े श्रद्धालु कामना करते हुए नजर आए कि नया साल उनके लिए ही नहीं, उनके परिवार, मित्रों,शहर के लिए खुशहाली व समृद्धि लेकर आए।

इसी इच्छा के साथ सिख समुदाय के लोगों जिनमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे, ने भी गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका। भक्ति का यह माहौल मंदिरों, गुरुद्वारे में सुबह से देखने को मिला। यही नहीं, नववर्ष पर गुरुओं का आशीर्वाद लेने के लिए आश्रमों में भी भक्तों का तांता लगा रहा। कई श्रद्धालुओं ने गुरु के चरणों का आशीर्वाद लेकर नए साल उनके लिए शुभ रहे, ऐसा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कई लोगों ने माता पिता का आर्शीवाद लेकर भी नव वर्ष के पहले दिन की शुरुआत की तो कुछ लोगों ने शाजापुर जिले स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बोलाई हनुमान मंदिर में दर्शन कर नव वर्ष का स्वागत किया और नया वर्ष मंगलमय हो यह प्रार्थना की।

### पुलिस भी रही अलर्ट

21 दिसम्बर को हुई घटना के बाद से शहर में धारा 144 प्रभावशाली है खेर नव वर्ष के जश्न मनाने वालों पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिला। लेकिन पुलिस ने बतौर सुरक्षा चौक चौबंद व्यवस्था संभाले रखी थी ताकि असमाजिक तत्व नव वर्ष के जश्न में खलल न डाल सके। वही नए वर्ष के जश्न में कुछ लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं ऐसे में कई बार वाहन दुर्घटना हो जाती है ऐसे में पुलिस ने किसी भी प्रकार वाहन दुर्घटना न हो इसके लिए कुछ विशेष प्वाइंट बनाकर बेरिकेडिंग कर रखी है।

# कान्याखेडी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की खंड बैठक कुरावर खंड के कान्या खेड़ी गांव पर संपन्न हुई। बैठक में जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर ,जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर एवं मंदिर पुजारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह, अर्जुन सिंह, गोरक्षा प्रमुख मनोहर सिंह ,सुरक्षा प्रमुख मनोज ठाकुर की उपस्थिति में नवीन दायित्व की घोषणा बैठक में की गई, कुरावर खंड अध्यक्ष घनश्याम सिंह कान्या खेड़ी, मंत्री राहुल सिंह हर्निया गांव ,संयोजक लखन सिंह हर्निया गांव कौ नियुक्त किया गया साथ ही ग्राम इकाई कान्या खेड़ी का गठन किया। अध्यक्ष धीरज सिंह,उपाध्यक्ष करण सिंह मालवीय, मंत्री धर्मेंद्र सिंह, संयोजक मानसिंह को नियुक्त किया गया साथ ही कान्या खेड़ी से राहुल सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, लाखन, शुभम, रितिक, जवाल सिंह, देवेंद्र सिंह, कुमेर सिंह, अर्जुन सिंह, चेतन सिंह, अनोप सिंह ग्राम इकाई हर्निया गांव से मंत्री हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष श्री राम ठाकुर, सत्संग प्रमुख भोला राठौर, गोरक्षा प्रमुख देवेंद्र ठाकुर, मठ मंदिर प्रमुख जयदीप पटेल, संयोजक श्याम ठाकुर, सेवा प्रमुख देवेंद्र प्रजापत, सुरक्षा प्रमुख दिनेश धनगर, शुभम विश्वकर्मा, विवेक धनगर व समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।